## सार-समाचार

### भीखजी की ढाणी में 500 यूनिट रक्तदान

**जोधपुर, (कासं)।** बींजवाड़िया स्थित भीखजी की ढाणी में रविवार को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैलाश बन्ना माजीसा सेवा संस्थान और गौ सेवा समिति द्वारा 132 पुण्य आत्माओं की स्मृति में आयोजित इस शिविर में दोपहर तक लगभग 500 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। युवाओं और महिलाओं में इस दौरान जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस मेगा कैंप में जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल, उम्मेद अस्पताल और मथुरादास माथुर अस्पताल की मेडिकल टीमों ने रक्त संग्रह का कार्य किया। तिंवरी, मथानिया और आसपास के अन्य गांवों से बड़ी संख्या में युवाओं ने इस शिविर में भाग लिया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इससे पूर्व आयोजित समारोह में संत नारायण गिरी महाराज और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने रक्तदान को मानवता की सर्वोत्तम सेवा बताते हुए युवाओं का उत्साह बढ़ाया। आयोजन समिति के सदस्य जेठाराम सोलंकी ने रक्तदान को महादान बताया। संस्थान के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि उनके द्वारा अब तक लगभग 150 रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं और वे वर्षों से समाजसेवा में सक्रिय हैं। इस बार व्यापक प्रचार-प्रसार, गांव-गांव जागरूकता अभियान, सोशल मीडिया के उपयोग के कारण रिकॉर्ड संख्या में लोगों ने भागीदारी निभाई।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**बालोतरा, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर महा के अंतिम रविवार को रेडियो के माध्यम से देशवासियों के साथ आयोजित किए जाने वाले मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण भाजपा जिला कार्यालय में सुना गया। जिला मीडिया प्रभारी राजेशपुरी ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार हर बूथ पर मन की बात सुनने का कार्य म जिलाध्यक्ष भरत मोदी के नेतृत्व मे जिले के हर मंडल पर विभिन्न बूथों पर मन की बात को सुना गया मन की बात के 133 वे संस्करण मे मोदी ने कहा कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र मे अब सक्षम हो रहा है उन्होंने कहा कि विंड एनर्जी बनाने की कैपिसीटी 56 मेघावाट से ज्यादा हो गई है उन्होंने आगामी दिनों मे बुद्ध जयंती मनाने को लेकर सभी को शुभकामनायें दी व उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे दुनिया जिस तनाव व टकराव से गुजर रही है उसके बीच बुद्ध की शिक्षा और भी जरूरी हो गई है उन्होंने राष्ट्रीय जनगणना कार्यक्रम में आमजन से भाग लेने का आव्हान किया। इस अवसर पर जिला कार्यालय मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष खेताराम प्रजापत महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता ममता प्रधान बूथ अध्यक्ष वासुदेव अग्रवाल प्रवीण खत्री जोगेंद्र प्रजापत कपिल दवे चेलाराम घांची धर्मेंद्र खत्री भरत सोनी अभिषेक सहित कई कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। वही भाजपा जिलाध्यक्ष भरत मोदी ने अपने बूथ पर कार्यकर्ताओ के साथ राज्य मंत्री के के विश्नोई ने प्रदेश कार्यालय जयपुर में सिवाना विधायक हमीरसिंह भायल ने यात्रा के दौरान गाडी में पचपदरा विधायक अरुण चौधरी ने निजी आवास वही कई जिला पदाधिकारियों मंडल अध्यक्षों ने विभिन्न बूथों पर प्रवास कर मन की बात को आमजन के साथ सुना।

### 'गोमाता के लिए रैली में शामिल हुओ'

**बालोतरा, (निसं)।** शहर के सितोणियों का धोरा स्थित वनखण्डी महादेव मंदिर से श्री श्री सनातन महाराज ने 27 अप्रैल को आयोजित होने वाले गो सम्मान आव्हान अभियान के विशाल कार्यक्रम को लेकर आमजन से अधिक से अधिक भागीदारी निभाने की अपील की है। उन्होंने सभी नागरिकों से परिवार सहित वन्दे भारत पार्क में उपस्थित होने का आग्रह किया। महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन बालोतरा शहर का बाजार आधे दिन तक गो माता के सम्मान में स्वेच्छा से बंद रखकर समर्पित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रातः 11 बजे पुराना बस स्टेण्ड स्थित वन्दे भारत पार्क में बडी संख्या में गो-भक्त एकत्रित होंगे, जहां से भजन-कीर्तन के साथ रैली निकालकर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुंच प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा। उन्होंने बालोतरा क्षेत्र के समस्त जनसमुदाय से इस पुण्य कार्य में परिवार सहित अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया।

### आरओ प्लांट संचालकों को निर्देश

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** भीषण ग्रीष्म ऋतु में भूजल विभाग ने पेयजल प्रबंधन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रभारी भूजल डॉ. नारायणदास इणखिया ने बताया कि जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित निजी आरओ प्लांट द्वारा शुद्धिकरण के दौरान बड़ी मात्रा में पानी का अपव्यय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शुद्धिकरण प्रक्रिया के बाद निकलने वाला लगभग 60 प्रतिशत जल उपयोग योग्य होता है, जिसे नालियों या खुले में बहाया जाना संसाधनों की बर्बादी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अपशिष्ट जल का उपयोग सफाई, बागवानी, निर्माण कार्य एवं अन्य गैर-पेयजल कार्यों में किया जा सकता है, जिससे पेयजल पर दबाव कम होगा एवं जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। डॉ. इणखिया ने निर्देश दिए कि सभी आरओ प्लांट संचालक, जो टैंकर या अन्य माध्यमों से भूजल का उपयोग कर रहे हैं, वे अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस संबंध में आगामी दिनों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा और यदि कहीं भी जल का अपव्यय पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### श्रीमाली ब्राह्मण पाराशर समाज की बैठक

**जोधपुर, (कासं)।** चंदपोल स्थित भैरुनाथ मंदिर परिसर में रविवार को श्री श्रीमाली ब्राह्मण पाराशर गौत्रिय परिवार एवं पर्यायवरण विकास संस्थान के कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मौजूद ट्रस्टीगण व कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने अहम मुद्दो पर विचार कर सर्वसमिति से आगामी पाटोत्स्व कार्यक्रम तक कार्यवाहक कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें डा.आनंद प्रकाश व्यास को कार्यकारी अध्यक्ष, योगेश्वर त्रिवेदी को उपाध्यक्ष, कैलाश चंद त्रिवेदी को सचिव, योगेश व्यास को कोषाध्यक्ष तथा मनीष त्रिवेदी,सुभाष चन्द्र व्यास, सुनील कुमार त्रिवेदी,अश्विनी कुमार व्यास एवं अभिषेक त्रिवेदी एडवोकेट को सदस्य बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष व्यास ने वट्यक्षणी माता व पाराशर महादेव मंदिर पाटोत्स्व को लेकर की जाने वाली व्यवस्थाओं, मंदिर के वार्षिक रखरखाव, बेलेंससीट, ऑनलाइन भुगतान,दैनिक खर्च एवं आगामी योजना व कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की जिसमें सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए।

### राज्यपाल का जोधपुर में स्वागत किया

**जोधपुर, (कासं)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे एकदिवसीय यात्रा पर रविवार को जोधपुर पहुंचे। एयरफोर्स स्टेशन पर जिला कलक्टर आलोक रंजन, पुलिस आयुक्त शरत कविराज, सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं दांडिक न्याय विश्वविद्यालय के कुलगुर डॉ. आलोक त्रिपाठी सहित अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। राज्यपाल को एयरफोर्स स्टेशन पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद राज्यपाल सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं दांडिक न्याय विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए गए।

### धनंजय व शिवरंजनी आकाशवाणी पर

**जोधपुर, (कासं)।** बी जे एस कालोनी निवासी छात्र धनंजय जोधा व छात्रा शिवरंजनी जोधा आकाशवाणी जोधपुर द्वारा रविवार को बच्चों के लिए प्रसारित चुनमुन कार्यक्रम में शामिल हुए । बी जे एस कालोनी के मोहन नगर ए सेक्टर निवासी संजय जोधा ( जालसू ) व ज्योति शेखावत के पुत्र धनंजय जोधा व पुत्री शिवरंजनी जोधा ने आकाशवाणी जोधपुर द्वारा प्रत्येक रविवार को बच्चों के लिए प्रसारित चुनमुन कार्यक्रम में पहली बार भाग लिया। अदितिस् सिल्वर बैल्स स्कूल के कक्षा पांचवीं के छात्र धनंजय जोधा ने चुनमुन कार्यक्रम में जुनून एक है जात अनेक है शीर्षक से कविता एवं प्रेप कक्षा की छात्रा शिवरंजनी जोधा ने विभिन्न श्लोक प्रस्तुत किए ।

### रावल सिंह राठौड संभालेंगे कमान

**फलोदी, (निसं)।** आईपीएल 2026 में राजस्थान के मैचों की सुरक्षा का जिम्मा 'रॉयल किंग सिक्योरिटी' को मिला है। कंपनी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के सभी घरेलू मैचों की सुरक्षा देखेगी। सूत्रों के अनुसार, इस अभियान में सगरा के रावल सिंह राठौड मुख्य भूमिका में रहेंगे। उन्हें ग्राउंड समन्वय और वीआईपी मूवमेंट की जिम्मेदारी दी गई है। रॉयल किंग सिक्योरिटी के रावल सिंह ने कहा, खिलाडियों और दर्शकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए आधुनिक तकनीक व प्रशिक्षित टीम लगाई जाएगी।

### मुस्लिम विकास समिति ने सौ परिंडे लगाए

**फलोदी, (निसं) ।** नगरी मुस्लिम विकास संघर्ष समिति द्वारा रविवार को बरकत कॉलोनी में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। कांग्रेस के फलोदी जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम नागोरी, मोहम्मद सदीक, सत्तार खान, भाऊ जी चोनोणी,अब्दुल हमीद खिलजी, वार्ड नंबर 36 के बूथ अध्यक्ष स्माइल खिलजी,एडवोकेट सिकंदर घोसी, याकूब मारवाड, मंजूर भाई, महबूब, सुभान चोनाणी, अब्दुल खान, शब्बीर हुसैन,कयूम भाई एडवोकेट व अब्दुल हक सहित वार्ड के लोग उपस्थित रहे।

# मांडवला में भक्ति, संस्कृति व आस्था का संगम झलका

**जालोर, (कांस )।** मांडवला गांव में समस्त सोनगरा चौहान परिवार के तत्वावधान में आयोजित श्री आशापुरा माताजी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं मूर्ति स्थापना महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को धार्मिक आस्था, परंपरा और भक्ति का भव्य संगम देखने को मिला। दिनभर यज्ञ-हवन एवं पूजा-अर्चना के कार्यक्रम विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम के दौरान चढ़ावा देने वाले लाभार्थियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। समाज के वरिष्ठजनों एवं अतिथियों ने दानदाताओं का साफा एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया और उनके योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज की एकता, संस्कार और संस्कृति को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

रात्रि में आयोजित भव्य भजन संध्या ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रसिद्ध भजन कलाकार अशोक प्रजापत, सोनु कंवर रावणा और चिराग गायणा ने माताजी के सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी, जिस पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी आयोजन में चार चांद लगा दिए। लक्की सालु जटाधारी द्वारा राम दरबार की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जबकि




जालोर जिले में मांडवला गांव में समस्त सोनगरा चौहान परिवार के श्री आशापुरा माताजी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं मूर्ति स्थापना महोत्सव में चढ़ावे के लाभार्थियों-भामाशाहों का सम्मान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

उर्मिला राठौड़ और चिराग जालोरी ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

कार्यक्रम का मंच संचालन मीठालाल जांगिड़ (भीनमाल) ने प्रभावशाली अंदाज में किया, जिससे पूरे आयोजन में अनुशासन और आकर्षण बना रहा।

भजन संध्या देर रात तक चली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्थाएं सुचारू रहीं और समाज की एकता, समर्पण एवं सहयोग की भावना स्पष्ट रूप से नजर आई।

# अनुसूचित आयोग की टीम बालोतरा पहुंची, सांसी कॉलोनी व फैक्ट्री का निरीक्षण

**बालोतरा, (निसं)।** राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग द्वारा रविवार को बालोतरा जिले का दौरा किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान आयोग की डिप्टी डायरेक्टर एवं विभागाध्यक्ष अनुराधा दुसान तथा सहायक अधिकारी सिद्धार्थ कुमार ने सांसी कॉलोनी का निरीक्षण किया।

इस दौरान आयोग की डिप्टी डायरेक्टर अनुराधा दुसान ने मां गणपति फैक्ट्री में मशीन की सफाई के दौरान हुई मौतों के संबंध में जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आयोग के अधिकारियों ने सांसी कॉलोनी स्थित पीड़ितों के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

इसके साथ ही अधिकारियों ने घटना स्थल का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित कपड़ा फैक्ट्री का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फूलचंद, उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार, पचपदरा तहसीलदार गोपीकिशन पालीवाल, नगर परिषद आयुक्त रामकिशोर मेहता, सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग महेंद्र कुमार, श्रम आयुक्त रामचंद्र गढ़वीर, कारखाना एवं बॉयलर अधिकारी अनिरुद्ध मीणा तथा जिला उद्योग अधिकारी दुष्यंत सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

आयोग के अधिकारियों ने संबंधित विभागों को घटना की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए।

# भक्ति, ज्ञान व देवी महिमा से गूंजा पांडाल

**पोकरण, (कासं) ।** पोकरण शहर के साघोलाई में बाबा रामदेवजी के कुल गुरु साघोजी की तपोस्थली, सिदेश्वरी सिद्ध पीठ जय सच्चियाय माताजी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड पडा। पूरा परिसर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया।

यह धार्मिक आयोजन ढाकी परिवार के प्रतिनिधि आनंद-नीता बहन के सहयोग से तथा मधु त्रिकालदर्शी गादीपति श्री जय सच्चियाय सिद्धेश्वर सिद्ध पीठ, पोकरण के सानिध्य में भव्य रूप से संपन्न हो रहा है। चौथे दिन मंदिर परिसर को विशेष रूप से रंगीन रोशनी, पुष्प सज्जा और धार्मिक ध्वजों से सुसज्जित किया गया, जिससे दिव्यता का अद्भुत वातावरण निर्मित हुआ।

कथा वाचन में भावों की अविरल धाराव्यास पीठ से कथा वाचक पंडित अरुण कृष्ण व्यास (मरू नायक मदन मोहन मंदिर व्यासपीठ, बीकानेर) ने देवी भागवत के चौथे दिन के प्रसंगों का अत्यंत प्रभावशाली और भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने अपने प्रवचन में देवी भक्ति, साधना और श्रद्धा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सच्ची आस्था और निष्ठा से ही जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा के दौरान पंडित व्यास ने देवी के विभिन्न चरित्रों तथा भक्तों की ली जाने वाली परीक्षाओं का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माँ अपने भक्तों की हर कठिनाई में रक्षा करती हैं, लेकिन उनकी परीक्षा लेकर उन्हें और अधिक दृढ बनाती हैं।

इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। चौथे दिन प्रस्तुत आकर्षक एवं सजीव झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। देवी दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के साथ-साथ भक्ति और शक्ति के प्रतीक दृश्यों को मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया।

प्रकाश, ध्वनि और अभिनय के समन्वय ने पूरे पंडाल को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

भजन मंडली द्वारा विभिन्न राग-योगिनी में प्रस्तुत भजनों ने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। मधुर भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। कथा के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जीवन में अहंकार, लोभ और क्रोध का त्याग कर सत्य, प्रेम और सेवा के मार्ग पर चलना ही सच्ची भक्ति है। पंडित व्यास ने कहा कि जो व्यक्ति माँ शक्ति की सच्चे मन से आराधना करता है, उसके जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।

कथा श्रवण के लिए आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने पूरे अनुशासन और श्रद्धा के साथ कथा का आनंद लिया। भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल, छाया तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ-साथ श्रोताओं के लिए आने जाने वालो के लिए निःशुल्क टैक्सी सुविध की गई।

# हास्य, वीर, करूणा व सौन्दर्य रस की सरिता बही



खुश दिलान ए जोधपुर की मासिक गोष्ठी मदन-सावित्री डागा भवन में हुई।

**जोधपुर, (कासं)।** खुश दिलान ए जोधपुर की मासिक गोष्ठी रविवार को मदन-सावित्री डागा भवन में संदीप भांडावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उपस्थित कवि शायरों ने हास्य, वीर, करुणा व सौन्दर्य रस की कविताओं की प्रस्तुति देकर भीषण गर्मी में भी वातावरण को सुरमयि बना दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्था के महासचिव डॉ.वी डी दवे ने बताया कि प्रत्येक कवि ने अपनी अपनी रचनाओं सेभाव - विभोर कर दिया। वरिष्ठतम कवियों ने हंसा हंसा कर पूरी सभा को लोट -पोट कर दिया।

काव्य गोष्ठी में अशफ़ाक अहमद फौजदार, राजेन्द्र खिंवसरा, शायर ओम प्रकाश गोयल, कर्नल सुरेश श्रीमाली, रजा मोहम्मद खान, अनिल अनवर, मृदुला श्रीवास्तव, गौतम के गट्स, श्रीमती उर्वशी चौहान, गोविन्दराम, मिश्रीलाल पंवार, एन डी निम्बावत ( सागर ), एन के कोठारी, राजेद्र शाह ( राजन ), राम निवास चौधरी एवं जे के माहेश्वरी ने अपनी अपनी नवीन रचनाओ से श्रोताओ को आनंदित कर दिया। मंच संचालन संस्थान के महासचिव डा. विष्णु दत दवे ने किया।

### प्रशिक्षण 29 से

**जोधपुर, (कासं)।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण' कार्य को लेकर 29 अप्रैल से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि जनगणना-2027 का प्रथम चरण का कार्य 1 मई से 14 जून तक निर्धारित किया गया है जिसमें प्रगणक एवं पर्यवेक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि 1 मई से 15 मई तक आमजन को मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके पश्चात 16 मई से 14 जून तक नियुक्त प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य करेंगे साथ ही स्व-गणना से प्राप्त आंकड़ों का सत्यापन भी किया जाएगा।

आयुक्त जैन ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण 29 अप्रैल से 1 मई तक, द्वितीय चरण 5 मई से 7 मई तक और तृतीय चरण 11 मई से 13 मई तक चलेगा। यह प्रशिक्षण नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में स्थापित सात केंद्रों पर आयोजित होगा।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

**पाली,नि.सं.।** पाली सोमेसर नगरी में भागीरथी गौ सेवा संस्थान, पाली के तत्वावधान में 108 कन्याओं के सर्वजातीय निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने नवविवाहित युगलों को सुखद एवं मंगलमय दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। इस अवसर पर पाली के पूर्व सांसद पुष्प जैन, मारवाड़ जंक्शन के विधायक केशाराम चौधरी, मनोहर दास महाराज (कांक्षी आश्रम, पाली), बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किसन प्रजापत एवं परमेश्वर जोशी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन के तत्वावधान में क्षत्रिय समाज के राजकीय अधिकारियों व कर्मचारियों की संभाग स्तरीय कार्यशाला क्षत्रिय युवक संघ प्रमुख लक्ष्मण सिंह, पूर्व मुख्य सचिव दिल्ली नरेश कुमार के आतिथ्य में संपन्न हुई।

# पंडित गुरूदत्त विद्यार्थी का जन्मदिन मनाया



जालोर में आर्य वीर दल ने साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** आर्य वीर दल एवं आर्य समाज के साप्ताहिक सत्संग में पंडित गुरूदत्त विद्यार्थी का जन्मदिन मनाया गया।

शहर के पुरानी सब्जी मंडी स्थित आर्य वीर दल मुख्यालय आर्य वीरम व्यायामशाला में आर्य वीरों को संबोधित करते हुए आर्य वीर दल राजस्थान के संचालक विनोद आर्य ने कहा कि पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती के अन्यय भक्त- महान देशभक्त थे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी ने कम उम्र में ही कई पुस्तकें लिख दी थी। साइंस की विद्यार्थी होने के कारण वे नास्तिक थे। लेकिन ऋषि दयानंद के अंतिम समय की घटना को देखकर आस्तिक बने। उनकी लिखी किताबें आज भी ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में पाठ्यक्रम मे शामिल है। विद्यार्थी महर्षि दयानंद के अन्यय भक्त एवं आर्य समाज के प्रथम पांच पंक्ति के नेताओं में शामिल है। उन्होंने भारतीय ग्रंथो को अंग्रेजी में लिखा। ऐसे महान क्रांतिकारी से हमें प्रेरणा लेने चाहिए। उन्होंने बताया कि पंडित गुरु दत्त विद्यार्थी का जन्म 26 अप्रैल 1864 को मुल्तान के प्रसिद्ध सरदाना परिवार में हुआ था। सन् 1890 में उनका देहांत हो गया। इस मौके पर आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य सहित आर्य वीर व वीरांगनाए उपस्थित थे। इस मौके पर यज्ञ प्रसाद अंशी पुत्री अमन सारण द्वारा वितरित किया गया।

# डॉ. गोस्वामी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया

**पाली, (नि.सं.)।** भारतीय जैन संगठना के तत्वावधान में तेरापंथी सभा भवन में आयोजित करियर काउंसलिंग कार्यक्रम कैरियर कम्पास उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में लगभग 125 से 150 विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सही दिशा एवं मार्गदर्शन प्रदान करना था।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण पाली जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए उनकी करियर संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने प्रेरित करते हुए कहा कि मंजिल आसान नहीं होती, लेकिन मजबूत हौसलों से हर कठिनाई पार की जा सकती है। उनके संवाद से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास का संचार हुआ। विशेषज्ञ वक्ताओं के रूप में सीए बी.आर. जैन, एडीईओ प्रवीण जांगिड़, सहायक प्रोफेसर (भूगोल) डॉ. श्रवण सिंह राजपुरोहित, व्याख्याता संजीव शर्मा, सहायक प्रोफेसर (भौतिकी) सुश्री सुरभि उपाध्याय एवं प्रधानाचार्य दिलीप कुमावत (खुड़ावास) ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को करियर चयन के विभिन्न पहल बताए।

विशेष रूप से, किंजल सेठिया एवं भव्य मरलेचा ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि पूर्व में आयोजित के कैरियर कम्पास कार्यक्रम से मिली प्रेरणा के कारण उन्होंने अध्ययन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि के लिए उन्हें मंच पर सम्मानित भी किया गया, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला विंग सचिव दीपमाला सिंघवी द्वारा मंगलाचरण से हुआ। अध्यक्षीय संबोधन में उषा अखावत एवं अमरचंद बोहरा ने अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

मंच संचालन संयोजक टीम महेंद्र बंब, अक्षय डागा एवं राजू सर (एमटीपी) द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। इस दौरान प्रमोद भंसाली ने अपनी त्वरित रचित कविता के माध्यम से वातावरण को प्रेरणादायक बना दिया। व्यवस्थाओं का कुशल संचालन सचिव बसंत सोनी (मंडिया) ने किया, जिनकी भूमिका आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण रही। संभागीय अध्यक्ष रमेशचंद बरडिया, उपाध्यक्ष राजू मेड़तिया, सीए नेमीचंद अखावत, विकास बुबकिया, प्रमोद भंसाली, सनी चौरड़िया, तेरापंथ सभा भवन के अध्यक्ष भुरचंद तातेड़, मंत्री प्रकाश कांकरिया, जीतो से अंकित पारख, ऋषभ गांधी आदि उपस्थित रहे।